Finish 190 x 260 mm

समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• अगस्त २०१९ • वर्ष ७० • अंक ०८

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

२८ जुलाई २०१९, विशाखापट्टनम् : आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पुनर्गठन के बाद आयोजित शपथग्रहण समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के सदस्यों के साथ नवनिर्वाचित प्रादेशिक अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल (पगड़ी पहने हुए)।

राष्ट्र के ७३वें स्थापना दिवस के अवसर पर सम्मेलन के केन्द्रीय प्रशासनिक कार्यालय (डकबैक हाउस, कोलकाता) के समक्ष सम्मेलन के पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ झंडोत्तोलन करते राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ।

इस अंक में –

- सम्पादकीय : अतीत के गौरव को पुनः प्राप्त करना स्वतंत्रता का ध्येय हो
- अध्यक्षीय : पूरे दक्षिण भारत में सम्मेलन का सशक्त पदक्षेप
- रपट - साधारण वार्षिक सभा
- रपट - स्वतंत्रता दिवस समारोह
- प्रांतीय समाचार - आंध्र, पश्चिम बंग, झारखंड
- समाचार सार
- विशेष : गिरिडीह के केडिया बंधु
- कविता: ताऊ शेखावाटी
- कहानी: राजेन्द्र जोशी
- नये सदस्य

LINC
Think it. Linc it.
pentonic
born
of
black
pentonic™
Write the future
Begin a statement that moves the nation.
Gift tomorrow's generation a new set
of words to remember.
Start an idea that inspires and
challenges the future.
Emerge with the boldness of black.
₹10 per U

RUPA
FRONTLINE
PREMIUM INNERWEAR
INDIA'S FIRST
ANTI BACTERIAL
PERFUMED VEST
PRODUCT CODE
HUNK Vest
#72P
FRONTLINE
बैक्टीरिया रोधक
सुगंधित बनियान
PERFUMED VEST
TREATED IN ANTIBACTERIAL MICRO CAPSULE
HIGH QUALITY COTTON FIBRE
ये आराम का मामला है!
www.rupa.co.in | Toll-Free No.: 1800 1235 001 | www.rupaonlinestore.com

With Best Compliments From:

ROAD CARGO MOVERS PVT. LTD.

Head Office : 3, Gibson Lane, 2nd Floor
Suite-211, Kolkata-700 069

Phone : 2210-3480, 2210-3485

Fax : 2231-9221

E-mail: roadcargo@vsnl.net

Branches & Associates:

GUWAHATI, SILIGURI, DURGAPUR, HALDIA, KHARAGPUR,
BALASORE, BHUBNESWAR, CUTTUCK, ICCAPURAM, VISHAKAPATNAM,
VIJAYWADA, HYDERABAD, CHENNAI, BANGALORE, COCHIN, GAZIABAD (U.P. BORDER), INDORE

समाज विकास

◆ अगस्त २०१९ ◆ वर्ष ७० ◆ अंक ०८

◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

अनुक्रमणिका

शीर्षक	पृष्ठ संख्या
● चिट्ठी आई है	५-६
● **सम्पादकीय : शिव कुमार लोहिया** अतीत के गौरव को पुनः प्राप्त करना स्वतंत्रता का ध्येय हो	७
● **अध्यक्षीय : सन्तोष सराफ** पूरे दक्षिण भारत में सम्मेलन का सशक्त पदक्षेप	९
● **रपट –**	
साधारण वार्षिक सभा	११
स्वतंत्रता दिवस समारोह	१३
● **विशेष :** गिरिडीह के केडिया बंधु	१५
● **समाचार सार**	१७
● **प्रांतीय समाचार** आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंग	२१-२४
● **कविता : पं. ताऊ शेखावाटी**	३२
● **कहाणी –** अेकली – **राजेन्द्र जोशी**	३३
● **देव-स्तुति : डॉ. जुगल किशोर सराफ**	३५
● सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत	३६-३८

स्वत्वाधिकारी

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

All India Marwari Federation

प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय : **४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
फोन : ०३३-४००४ ४०८९

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com

◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिये **श्री भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इण्डिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा ◆ सम्पादक : शिव कुमार लोहिया

प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

चिट्ठी आई है

कैलाश चौधरी
KAILASH CHOUDHARY

सत्यमेव जयते

कृषि एवं किसान कल्याण
राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR AGRICULTURE
& FARMERS WELFARE
GOVERNMENT OF INDIA

D.O. No. 153 MOS(Agri.&FW)/VIP/2019

01 JUL 2019

प्रिय श्री संतोष सराफ जी,

आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद। आपकी शुभकामनाएं मुझे निश्चित रूप से अपनी जिम्मेवारियों को सफलतापूर्वक निर्वहन हेतु संबल प्रदान करेंगी। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में भी आपका स्नेह व सहयोग मुझे सदैव मिलता रहेगा।

सादर।

आपका

(कैलाश चौधरी)

श्री संतोष सराफ
राष्ट्रीय अध्यक्ष,
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन,
4बी, डकबैक हाऊस (चौथा तल)
41, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता- 700 017

Office : 199Q, Krishi Bhawan, New Delhi-110 001. Tel. : +91-11-23782343, 23388165 Fax : 23074190

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता-700 017

समाज से सादर निवेदन

वैवाहिक अवसर पर मद्यपान करना - कराना धार्मिक एवं सामाजिक दोनों रूप से उचित नहीं है।

प्री-वेडिंग शूट
हमारी सभ्यता एवं संस्कृति के खिलाफ है।

समाजहित में इनसे परहेज करें।

निमंत्रण में ई-कार्ड को बढ़ावा दें।

Dr. **Kalanidhi Veeraswamy,** M.P.
M.S., FRCS (Edin), M.Ch (Plastic Surgery)
Member of Parliament
Lok Sabha
North Chennai Constituency - Tamilnadu.

A-3, 6th Street,
Anna Nagar East,
Chennai - 600 102.
E-mail : kalanidhiv@yahoo.co.in

13.07.2019

To
Shri Santosh Saraf
National President
All India Marwari Federation
No.48, Duckback House, 4th Floor
41, Shakespeare Sarani
Kolkotta 700 017.

Dear Shri Santosh Saraf Ji

I am immense pleasure on receipt of your greetings letter dated 11.06.2019. While thanking you for the greetings and good will sent to me on my victory, I wish you joy and prosperity.

With warm regards,

Yours sincerely,
13.7.19
(Dr.KALANIDHI VEERASWAMY)
MP North Chennai

Manoj Kotak
Member of Parliament (Lok Sabha)

Shri Santosh Saraf ji,
Dear Sir,

Thank you for your warm wishes on my election as Member of Parliament from the Mumbai North East Constituency.

This is a victory of the progressive and people friendly policies of the visionary BJP Govt. led by Honorable Prime Minister Shri Narendra Modi ji and Hon. Chief Minister of Maharashtra Shri Devendra Fadnavis ji.

I promise you that I shall leave no stone unturned in reposing your faith in me.

Come on, let us together translate into reality the Prime Minister's call of "Sabka Saath, Sabka Vikas, Sabka Vishwas" and create a New India.

Regards,

Manoj Kotak
Member of Parliament [Loksabha]

राकेश सिंह
संसद सदस्य (लोक सभा), जबलपुर
निवास :
2, के. कामराज लेन, नई दिल्ली-110011
फोन : 011-23010108, टेलीफैक्स : 011-23011911
578, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर, (मध्य प्रदेश)
फोन : 0761-2410099

सत्यमेव जयते

प्रदेश अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी,
मध्य प्रदेश
कार्यालय :
ई-2/29, पंडित दीनदयाल उपाध्याय परिसर
अरेरा कॉलोनी, भोपाल-462016, मध्य प्रदेश
फोन : 0755-2463445, 2466399
फैक्स : 0755-2464024

दिनांक : 12/07/2019

श्री संतोष सराफ जी -

लोकसभा चुनाव 2019 में जबलपुर संसदीय क्षेत्र से मेरे पुनः विजयी होने पर आपके द्वारा प्रेषित शुभकामनायें प्राप्त हुईं, हार्दिक आभार।

माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जनता ने मुझ पर विश्वास व्यक्त करते हुए संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सेवा का अवसर प्रदान किया है। जन अपेक्षाओं के अनुरूप मैं अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकूं, ऐसा मेरा प्रयास होगा।

आपका स्नेह एवं सहयोग मुझे सदैव प्राप्त होता रहेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

धन्यवाद।

(राकेश सिंह)

प्रति,
श्री संतोष सराफ
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारत वर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
4 बी, डकबैक हाउस (चौथा तल्ला)
41 शेक्सपीयर सारानी, कोलकाता

कार्यालय : 1910-ए, राइट टाउन, जबलपुर, (म.प्र.), फोन : 0761-2407300, 2543225, टेलीफैक्स : 0761-4017799
ई-मेल : mpjbp@yahoo.com

रतन लाल कटारिया
RATAN LAL KATARIA

D.O. No. 68 /MOS(SJ&E-RLK)/VIP/2019
जल शक्ति
एवं
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR JAL SHAKTI
AND
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

19 जुलाई, 2019

प्रिय श्री संतोष सराफ जी,

मंत्रिपरिषद में मेरे राज्यमंत्री के रूप में शामिल होने पर आपकी बधाई हेतु आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके सहयोग एवं सतत् समर्थन की आकांक्षा करता हूँ ताकि मैं देशवासियों की बेहतर सेवा कर सकूं।

सादर,

आपका,

(रतन लाल कटारिया)

श्री संतोष सराफ,
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन,
चौथी मंजिल, 4बी, डकबैक हाउस,
41, शेक्सपीयर सरणी,
कोलकाता–700017

Office 151, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel. : 011-23383757, 23383745, Fax : 011-23074097
Residence : 4-A, Telegraph Lane, New Delhi-110001, Tel. : 011-23329660

अतीत के गौरव को पुनः प्राप्त करना स्वतंत्रता का ध्येय हो

आदिकाव्य रामायण में भगवान राम ने कहा है – **जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।** जन्मभूमि जननी होती है एवं स्वर्ग के समान है। हमारा देश सभी मायनों में उन्नत था। हम विश्वगुरु के रूप में जाने जाते थे। प्राचीन काल से हम एक 'नालेज सोसाइटी' के रूप में विकसित थे। ज्ञान प्राप्त करने के लिये पूरे विश्व से यहाँ यात्री आते थे। भारत की उपजाऊ विशाल धरती, मौसम की अनुकूलता, प्राकृतिक सम्पदा की प्रचुरता के कारण हमारा देश सारे विश्व के लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहता था। हमारे देश के विषय में यात्रियों ने कहा था - यहाँ स्वर्गभूमि है, यहाँ हवाओं में महक, फल-फूलों की भरमार है। जहाँ मानव बुद्धि अपने शिखर और सौंदर्य की पराकाष्ठा पर पहुँच चुकी है।

वेदों के भूमि सूक्त में कहा गया है – **जनं विभ्रती बहुधा दिवाचसं नाना धर्माणांपृथवी।** इसमे कहा गया है कि भारतवर्ष में लोग विभिन्न भाषायें बोलते हैं, विभिन्न धर्मों का पालन करते हैं एवं साथ-साथ सुखी जीवन-यापन करते हैं, भारत की अवधारणा एक अति प्राचीन संरचना है। ब्रिटिश राज के समय जैसा कि आम धारणा है, इसका प्रतिपादन नहीं हुआ था। बहुभाषिक, बहुजातीय, बहुधर्मीय एवं बहुसांस्कृतिक राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान पहले से ही थी जो धर्म यानि नैतिक नियमों एवं संस्कृति द्वारा परिचालित होती थी। भारत में धर्म, भाषा, भोजन, वेशभूषा, रीति-रिवाज, संस्कृति की बहुलता थी। इनमें खुलापन था। राजनैतिक रूप से न सही सांस्कृतिक रूप से भारत एक रहा, क्योंकि राष्ट्र मात्र एक भौतिक वस्तु नहीं है। राष्ट्र एक तत्व है, एक भाव है, विचार है, जो जन-जन को बाँधता है। समूचे भारतवर्ष में लोकप्रिय एवं जन-मन को भक्तिभावना की दिव्यता से जोड़ने वाले महाग्रंथ विष्णु पुराण में कहा गया है -

गायन्ति देवाः किल गीतिकानि, धन्यास्तु ते भारतभूमिभागे।

यानि भारतवर्ष सारी दुनिया में सबसे अच्छा देश है। यहाँ जन्म लेना असीम पुण्य का फल होता है, इसी कारण देवता भी यहाँ जन्म लेने को तरसते हैं।

विष्णुपुराण में भी कहा गया है –

इतः स्वर्गश्च मोक्षश्वचमध्यं चातश्च गम्यते।
न स्वल्वयन्त्र मर्त्यानां कर्म यूमै विधियेते।

यानि वे लोग धन्य है जो हिन्दुस्तान की माटी में जन्म लेते हैं क्योंकि स्वर्ग एवं मोक्ष की सहकारी संस्कृति वाला देश भारतवर्ष को छोड़कर कहीं नहीं मिलेगा। हमारे देश में मानव स्वतंत्रता पहले से ही थी। वैशाली का लिच्छवी हो या मिथिला का विदेह गणराज्य या कपिलवस्तु का ज्ञावय गणराज्य या अयोध्या का रामराज्य। उस समय भी धार्मिक, नैतिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं प्रथागत कानूनों द्वारा जनता संचालित होती थी। राजा मात्र अभिभावक एवं धर्म का दास होता था। दिशा निर्देश के लिये कुलगुरुओं का स्थान राजा से भी ऊपर होता था। इस संदर्भ में महाभारत में भीष्म पितामह का आख्यान महत्वपूर्ण है–

न राज्यं न च राजासीत्, न दंडो, न च दाण्डिकः।
धर्मेणैव हि प्रजाः सर्वाः रक्षन्ति स्म परस्परम्।।

यानि न राज्य, न राजा, न दंड, न दंड देनेवाला। श्रेष्ठ स्थिति वही है जहाँ प्रजा, धर्म के द्वारा आपस में एक दूसरे की रक्षा करती है।

इस प्रकार के उच्च दर्शन भारत भूमि में ही पनप सकते हैं। भारत के अप्रतिम विशिष्टता के विषय में **अमेरिकी विद्वान मार्क ट्वेन** ने कहा था - भारत मानव जाति का पालना है, मानवीय वाणी का जन्मस्थान है, इतिहास की जननी है, विभूतियों की दादी और इन सबों के उपर परम्पराओं की परदादी है। मानव इतिहास में हमारी सबसे कीमती और सबसे अधिक अनुदेशात्मक सामग्री का भंडार भारत में है। एक अन्य **जर्मन विद्वान मेक्स मूलर** ने इन शब्दों में भारत के विषय में कहा है – यदि हमसे पूछा जाय कि आकाश तले कौन सा मानव मन सबसे अधिक विकसित है, इसके कुछ मनचाहे उपहार क्या हैं। जीवन की सबसे बड़ी समस्याओं पर सबसे अधिक गहराई से किसने विचार किया है और उनके समाधान पाये हैं तो मैं कहूँगा भारत।

भारत एक अत्यंत प्राचीन देश एवं सभ्यता है। इस संबंध में **स्वामी विवेकानन्द** की वाणी अंतिम है - "भारत ने हजारों वर्षों से अपना शांतिपूर्वक अस्तित्व बनाये रखा। यहाँ जीवन तब भी था जब ग्रीस अस्तित्व में नहीं आया था, उससे भी पहले जब इतिहास का कोई अभिलेख नहीं मिलता। तब से

लेकर अब तक विचारों के बाद नये विचार यहाँ से उभर कर आते रहे और प्रत्येक बोले गये शब्द के साथ आशीर्वाद और इसके पूर्व शांति का संदेश जुड़ा रहता। हम दुनिया के किसी भी राष्ट्र पर विजेता नहीं रहे है। और यह आशीर्वाद हमारे सिर पर है और इसीलिये हम जीवित है।" हमारा ज्ञान एवं संस्कृति बसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारे पुराण कहते हैं - जीवन की स्वतंत्रता /स्वाधीनता जीवन की सफलता है तथा गुलामी तो जीवन के रहते रहते मौत है।

स्वाधीन वृत्तैः साफल्य न पराधीन वृत्तिता।
ये पराधीन कर्मणो जीवन्तोऽपि च ते मृताः।।

ऋग्वेद के एक स्वतंत्र मंत्र में स्वराज्य का बखान किया गया है, जिसमें सोलह बार स्वराज्य के पूजा की बात कही गई है। इसमें 'अर्चनु स्वराज्यम' पद का प्रयोग इस तथ्य को स्थापित करता है कि हम सदा से ही स्वतंत्रता के पक्षधर एवं राष्ट्रप्रेमी थे।

सब कुछ होते हुए भी गत बारह सौ वर्षों का इतिहास हमारे देश के लिये अंधकार का समय रहा है। इस दौरान अनेक विदेशी आक्रांताओं ने भारतभूमि को तहस-नहस किया। महाराणा प्रताप, शिवाजी छत्रपति, झांसी की रानी, बाल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस जैसे नेताओं ने मातृभूमि को गुलामी की जंजीरों से मुक्त करने के लिये अलख जगाया। असंख्य युवकों ने जिसमें भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बटुकेश्वर दत्त, बाघा यतीन, उधम सिंह शामिल थे, अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश की आजादी के लिये हँसते-हँसते अपना बलिदान दिया। सभी भाषा के साहित्कारों ने देश के कोने-कोने से एक स्वर में ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध राष्ट्रीय भावना को मुखरित किया। धर्म-जाति-प्रांत की संकीर्ण मनोवृत्ति से उपर उठकर राष्ट्रीयता ने समूचे देश को अपने में समाहित कर लिया, देश के प्रत्येक नागरिक का एक ही लक्ष्य बन गया - भारत की स्वतंत्रता। घर-घर में सत्याग्रही पैदा हो गए। उन्होंने एक स्वतंत्र भारत का सपना देखा। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने उस स्वप्न को अत्यंत ही मार्मिक शब्दों में साकार किया। **जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक सम्मान से उठा हो, जहाँ ज्ञान स्वतंत्र हो, जहाँ संसार संकीर्ण घरेलू दीवारों के टुकड़ों में न तोड़ा गया हो, जहाँ विचार सच्चाई की गहराई से उपजते हों, जहाँ अथक प्रयास अपनी बाहें पूर्णता की ओर बढ़ाते हों, जहाँ विवेक की निर्मल धारा अंधविश्वासों के मरुस्थल की नकारात्मक रेत में न खो गई हो, जहाँ मन आप से प्रेरित होकर निरंतर गतिशील विचारों और कर्मठता की ओर बढ़ता हो, उस स्वतंत्रता के स्वर्ग में हे परमपिता! मेरे देश को जाग्रत कर।** टैगोर के इन शब्दों में भारत के विराट स्वरूप एवं सोच की गहराई का दर्शन होता है। मानव को किन आदर्शों के लिये जीना एवं मरना चाहिए, इसका हमें बोध होता है। स्वतंत्रता के इस विस्तृत एवं विशिष्टतम प्रारूप को अपनाना हमारे लिये अभीष्ट था। १९४७ में प्राप्त राजनैतिक स्वतंत्रता हमें अपने गरिमा को फिर से प्राप्त करने की ओर प्रेरित न कर सके तो यह स्वतंत्रता निरर्थक है। इस दिशा में पिछले ७२ वर्षों में हमने कितनी सफलता पायी है, यह एक यक्ष प्रश्न है। प्रत्येक नागरिक को इस विषय में सोचने की आवश्यकता है। हमें यह याद रखना होगा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने कभी नहीं सोचा कि स्वतंत्रता के लिये बलिदान करने से उन्हें या उनके परिवार को क्या प्राप्त होगा। हँसते हँसते उन्होंने अपना उत्सर्ग किया। वे अगर स्वयं के विषय में सोचते तो क्या हम आज स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते? स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अक्सर इस प्रकार के प्रश्न मन में उठने लगते हैं। आज की स्थिति यह है कि हम स्वयं के विषय में सोचने में ही मशगूल हैं। एक दिन के लिये या कहें कुछ देर के लिए राष्ट्रप्रेम को एक रीति के रूप में निभाकर हम अपने दायित्व की इतिश्री समझ लेते हैं। किसी कवि ने ठीक ही कहा है–

लिपटकर तिरंगे के साथ सो गई आलमारी में
देशभक्ति है साहिब तारीखों में जागती है।

सामाजिक अवदान एवं राष्ट्र निर्माण की बातें भी अब दिखावा एवं महज औपचारिकता बनकर रह गई हैं।

आजादी एक मशाल है, जिसे स्वतंत्रता सेनानियों ने हमारे हाथों में सौपा था। राष्ट्रप्रेम या देशप्रेम के अग्नि-स्फूलिंग जब तक हमारे जीवन के आयामों को विकीर्ण नही करेंगे, तब तक हम न तो इस स्वतंत्रता की भावना को जी सकेंगे एवं न ही देश अपने गौरव को पुनः प्राप्त कर पायेगा। राजनैतिक रूप से स्वतंत्र होते हुए भी जाति, धर्म, भाषा, खान-पान और न जाने किन किन अवधारणाओं के लिए हम आपस में संघर्षरत हैं। देश में गरीबी, अशिक्षा, नारी एवं दलित शोषण, अस्वच्छता, सामाजिक कुरीतियों, हिंसा, आपसी भेदभाव में हम कहीं आगे हैं। हमारी ओछी सोच एवं स्वार्थलोलुपता हमारे पैरों में बेड़ी का काम करती है, जिसके कारण हम पिछड़ रहे हैं, वैमनस्य को दूर किये बिना हम सही माने में स्वतंत्रता का सुख और अपना खोया हुआ गौरव प्राप्त नहीं कर सकते।

शिव कुमार लोहिया

अध्यक्षीय

पूरे दक्षिण भारत में सम्मेलन का सशक्त पदक्षेप

– सन्तोष सराफ

पिछले दिनों मुझे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए विशाखापट्टनम एवं पटना जाने का अवसर मिला। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाडोदिया एवं श्री बसंत मित्तल के प्रयासों के फलस्वरूप विशाखापट्टनम में आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पुनर्गठन का कार्य सम्पन्न हुआ। विशाखापट्टनम में आयोजित शपथग्रहण समारोह में श्री चांदमल अग्रवाल ने प्रांत के नये अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। मैने पाया कि उनके साथ उत्साह से भरे समाजबंधु इस नये प्रयास को हर प्रकार से सफल करने के लिए कटिवद्ध हैं। समारोह के पहले एक पत्रकार सम्मेलन में मुझे सम्मेलन के इतिहास, उद्देश्य एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता एवं कार्यक्रम के विषय में चर्चा करने का अवसर मिला। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने मुझे बताया कि आंध्र प्रदेश के प्रत्येक जिले में सम्मेलन की शाखा खोलने का प्रयास करेगें। प्राप्त सूचना के अनुसार सुदूर तिरुपति में इस सिलसिले मे उन्होंने एक सभा का आयोजन भी किया है। हाल में सम्मेलन की वार्षिक साधारण सभा के अवसर पर श्री चांदमल अग्रवाल अपने सहयोगियों के साथ कोलकाता भी पधारे थे। सम्मेलन अपने स्थापना काल से ही पूर्वी एवं उत्तर भारत में ही सक्रिय रहा है। यह हर्ष का विषय हैं कि इस सत्र में दक्षिण भारत में संगठन-विस्तार के प्रभारी श्री बसंत मित्तल के प्रयासों से दक्षिण भारत में सम्मेलन सक्रिय होता जा रहा है। हाल ही में श्री मित्तल के प्रयासों से केरल में भी कुछ विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं आजीवन सदस्य बने हैं। एसी आशा की जा रही है कि केरल में भी सम्मेलन की प्रादेशिक इकाई शीघ्र स्थापित होगी। इस प्रकार तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र, तेलगांना एवं केरल में प्रांतीय शाखा के खुल जाने से पूरे दक्षिण भारत में सम्मेलन की उपस्थिति दर्ज हो जायगी। इन नई शाखाओं को पूर्ण रूप से सक्रिय बनाने एवं बने रहने में केन्द्रीय सम्मेलन का हर संभव सहयोग रहेगा।

जैसा मैने पहले बताया, गत १८ अगस्त को बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने देशप्रेम के गीतों पर नृत्य-प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में शामिल होकर मुझे विशेष आनंद की अनुभूति हुई। प्रांत के विभिन्न भागों से प्रतियोगी इस कार्यक्रम में शामिल हुए एवं अपने सुमधुर एवं जोश भरे प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। इस प्रकार के सफल कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मैं बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री बिनोद तोदी एवं उनकी टीम को साधुवाद देता हूँ। इस प्रकार के कार्यक्रम से समाज में ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र मे समाज एवं सम्मेलन की छवि बनती है। साथ ही साथ समाज के युवकों में देशप्रेम की भावना पनपती है। मैं सभी प्रांतो से अनुरोध करूँगा कि इस प्रकार के कार्यक्रम अपने-अपने प्रांतों मे भविष्य में आयोजित करने का प्रयास करें। बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने हाल ही में 'नेगचार' शीर्षक से मारवाड़ी रीति-रिवाज निर्देशिका प्रकाशित की है। इसका भी स्वागत किया जाना चाहिए। मैं श्री बिनोद तोदी एवं उनकी टीम को इस प्रयास के लिए भी साधुवाद देता हूँ। उन्होंने बताया कि यह पुस्तिका समाजबंधुओं को निशुल्क प्रदान की जाएगी। मुझे आशा है कि इस प्रकार के पुस्तिका के प्रकाशन से समाज में हमारे नेगचार एवं रीति-रिवाज को सही ढंग से जानने एवं सम्पन्न करने में मदद मिलेगी एवं उनके प्रति हमारी आस्था फिर से प्रगाढ़ होगी।

आगामी १५ सितम्बर २०१९ (रविवार) को पश्चिम बंगाल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अतिथ्य में कोलकाता में अखिल भारतीय समिति की बैठक आयोजित होने जा रही है। समिति के सदस्यों से इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने का अनुरोध है। मैं प्रदेश अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल एवं उनकी टीम को अपनी अग्रिम शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। श्री अग्रवाल के नेतृत्व में पश्चिम बंग सम्मेलन नई शाखाएँ खोलने में भी उल्लेखनीय सफलता हासिल कर रहा है। श्री अग्रवाल के प्रयासों की सफलता की मैं कामना करता हूँ एवं उन्हें बधाई देता हूँ!

जय समाज! जय राष्ट्र!

MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

(A Trust of All India Marwari Federation)

उच्च शिक्षा कोष

समाज के बच्चों को शिक्षित कर परिवार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल

विगत ८ वर्षों में देश के विभिन्न भागों के सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को करीब दो करोड़ रुपयों का दिया जा चुका है अनुदान

वित्तीय वर्ष (२०१८-१९) में ५२ लाख रुपयों से अधिक का आवंटन

"Education is a fundamental human right and essential for excercise of all other human rights."



उदारहृदय समाजबंधुओं का मिल रहा है तहेदिल से साथ

आप भी बढ़ाएँ सहयोग का हाथ समाज के सर्वांगीण विकास में बनें भागीदार !

छात्र/छात्राएँ नि:शुल्क छात्रवृत्ति के लिये सम्पर्क करें

इंजीनियरिंग, टेक्निकल, चिकित्सा, मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में स्नातकोत्तर/उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति हेतु समाज के मेधावी एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं से आवेदन आमंत्रित हैं।

पात्रता : (क) १७ और २५ वर्षों के बीच के उम्र के मेधावी छात्र-छात्राएँ जिनका शैक्षिक परीक्षाओं में प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा हो और जिन्हें केवल अपनी योग्यता के बल पर किसी मान्यताप्राप्त शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश मिल रहा हो।

(ख) जिन आवेदकों के माता-पिता की वार्षिक आय तीन लाख रुपयों से कम होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रक्रिया : (क) पूर्व शैक्षिक प्रमाणपत्रों, प्रवेश के प्रमाण, माता-पिता के आय प्रमाणपत्र एवं पासपोर्ट साइज चित्रों के साथ, मारवाड़ी सम्मेलन की किसी शाखा/सम्बद्ध संस्था से अनुमोदित आवेदन प्रस्तुत करने हैं।

(ख) एक छात्र-छात्रा को वर्ष में अधिकतम दो लाख रुपयों की राशि अनुदानस्वरूप दी जा सकती है।

(ग) प्रतिवर्ष कुछ छात्रवृत्तियाँ छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं।

आवेदन करें : *चेयरमैन, उच्च शिक्षा उपसमिति, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन*

४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपियर सरणी, कोलकाता-१७, फोन : (०३३) ४००४४०८९, ईमेल : aimf1935@gmail.com

सम्मेलन की वार्षिक साधारण सभा

सेवामूलक कार्यों एवं समाज-सुधार पर रहेगा जोर : संतोष सराफ

बैठक में राष्ट्रगान

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की वार्षिक साधारण सभा गत १० अगस्त २०१९ को शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता स्थित सम्मेलन के केन्द्रीय कार्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक का सभापतित्व करते हुए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने बैठक में सबका स्वागत किया और सम्मेलन की हालिया गतिविधियों के विषय में संक्षेप में बताया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के संगठन में गत वर्ष अभूतपूर्व विस्तार हुआ है, यह बहुत हर्ष का विषय है। **संगठन-विस्तार में बिहार और उत्कल की प्रादेशिक शाखाओं ने अग्रणी भूमिका निभाई है**। दक्षिण भारत में कर्नाटक, तमिलनाडु एवं आन्ध्र प्रदेश में प्रादेशिक शाखाओं का पुनर्गठन किया गया है और तेलंगाना में प्रादेशिक शाखा की स्थापना की गई है। इन राज्यों के प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण – **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** एवं **श्री पवन कुमार गोयनका** साधुवाद के पात्र हैं। श्री सराफ ने कहा कि दक्षिण भारत के प्रान्तों में प्रादेशिक शाखाओं की स्थापना एवं उन्हें गति देने में सम्मेलन की सदस्यता-विस्तार उपसमिति के संयोजक एवं दक्षिण भारत में संगठन-विस्तार के प्रभारी **श्री बसंत कुमार मित्तल ने धुरीय भूमिका निभाई है,** श्री मित्तल केरल में भी प्रादेशिक शाखा स्थापित करने हेतु प्रयासरत हैं। सम्मेलन के क्रिया-कलापों के विषय में बताते हुए उन्होंनें कहा कि सेवा के कार्यों एवं समाज सुधार, दोनों विषयों पर हमें काम करना होगा और अपने कार्यक्रमों की गति बनाये रखनी होगी।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि सम्मेलन के लिए संगठन सर्वोपरि है और इन क्षेत्र में सम्मेलन को पिछले कुछ वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल हुई हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है। समाज सुधार के विषय में बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाज की खूबियों को बचाकर रखने के लिए हमें कमियों को हटाना पड़ेगा। श्री शर्मा ने पंचायतों के महत्व पर बल दिया और कहा कि समस्याओं के निवारण में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नंदलाल रुँगटा** ने कहा कि मारवाड़ी स्वभाव से ही सामाजिक होते हैं। उन्होंने कहा कि समाज का संगठन कर, विपत्ति की स्थिति में एक-दूसरे के साथ खड़ा होना और समयानुसार समाज-सुधार के कार्य करना, सम्मेलन के मूल उद्देश्य हैं। इन उद्देश्यों की प्राप्ति कर हम समाज के सर्वांगीण विकास में योगदान कर सकते हैं। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री रामअवतार पोद्दार** ने सम्मेलन की महापंचायत की गतिविधियों के विषय में बताया।

राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने गत बैठक का कार्यवृत और गत वर्ष के कार्यकलायों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जो पारित हुए। कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने वितीय वर्ष २०१८-१९ के आय-व्यय का लेखा-जोखा और संतुलन पत्र प्रस्तुत किया और उससे संबधित प्रश्नों के उत्तर दिए। लेखा-जोखा और संतुलन पत्र सर्वसम्मति से पारित हुआ। श्री तोदी ने

सम्मेलन की आर्थिक स्थिति, कोष, समाज विकास के खर्च एवं विज्ञापन, अनुदान-प्राप्ति आदि के विषय में संक्षेप में बताया। उन्होंने समाज विकास में विज्ञापनदाताओं और अनुदान-दाताओं का आभार प्रकट किया। श्री तोदी ने कहा कि सम्मेलन के वेबसाईट का कार्य प्रगति पर है एवं इसमें श्री दिनेश जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

सी.ए. **श्री पी. के. लिल्हा** को सर्वसम्मति से अगले वर्ष के लिए लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया।

रोजगार पाने में युवक-युवतियों की मदद एवं सम्मेलन की वेबसाईट के आधुनिकीकरण में सहयोग के लिए सभा ने **श्री दिनेश जैन** का धन्यवाद-ज्ञापन किया।

तमिलनाडु सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री अशोक मूँधड़ा**, आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री चांदमल अग्रवाल** और पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंद किशोर अग्रवाल** ने अपने-अपने प्रांतों में सम्मेलन की गतिविधियों और भावी योजनाओं के विषय में संक्षिप्त जानकारी दी।

श्री रतन मारोठिया ने कहा कि हमें जहाँ कहीं भी सम्भव हो, अपनी भाषा का अधिकाधिक प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थानी भाषा की मान्यता हेतु हर सम्भव कदम उठाना हमारा नैतिक दायित्व है।

धन्यवाद-ज्ञापन करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री पवन गोयनका** ने कहा कि अनेक खूबियों को समेटे मारवाड़ी एक बेजोड़ संस्कृति है और इसे अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए हमें अपनी भावी पीढ़ी की भी अपनी संस्कृति-संस्कार से अवगत रखना चाहिए।

सभा में सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दामोदर प्रसाद बिदावतका, संगठन मंत्री श्री गोपाल अग्रवाल, सर्वश्री आत्माराम सोंथलिया, अशोक केडिया, अरुण प्रकाश मल्लावत, नंदलाल सिंघानिया, संजय शर्मा, गोविन्द प्रसाद केजरीवाल, भानीराम सुरेका, सम्पतमल बच्छावत, विनोद टेकरीवाल, इंद्रचंद महरिवाल, शिव कुमार लोहिया, राम किशन अग्रवाल, बैजनाथ सराफ, पंकज केडिया, शिव कुमार गुजरवासिया, संजय भरतिया, सांवरमल शर्मा, विजय कुमार लोहिया, किशन कुमार किला, शम्भु मोदी, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, मुरारीलाल सोंथलिया, बिजय कुमार डोकानियाँ, बालकृष्ण माहेश्वरी, के.के. डोकानिया, गिरधारी लाल पारिक, कमल कुमार सरावगी, रवि लोहिया, रमेश कुमार बुबना, शरत झुनझुनवाला, हर्ष कुमार शर्मा, बंशीधर शर्मा, महावीर प्रसाद मनकसिया, वेद प्रकाश जोशी, ओम प्रकाश अग्रवाल, विवेक गोयल आदि उपस्थित थे।

प्रांतीय समाचार : आन्ध्र प्रदेश

संगठन-विस्तार हेतु तिरुपति में बैठक

सद्य-पुनर्गठित आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने सक्रियता के साथ संगठन-विस्तार के लिए प्रयास प्रारम्भ कर दिए हैं। रेणिगुण्टा निवासी प्रादेशिक उपाध्यक्ष **श्री मनोज कुमार गुप्ता** की पहल पर, शाखा-स्थापना हेतु, तिरुपति एवं रेणिगुण्टा निवासी समाजबन्धुओ की एक बैठक गत १६ अगस्त २०१९ को तिरुपति के सुमेर प्लाजा में **श्री राजेन्द्र प्रसाद पारीक** के आतिथ्य में हुई। प्रादेशिक उपाध्यक्ष श्री मनोज कुमार गुप्ता ने प्रादेशिक अध्यक्ष **श्री चांदमल अग्रवाल** एवं विशाखापट्टनम् से उनके साथ पधारे प्रादेशिक कार्यकारिणी सदस्य **श्री पवन कुमार कांसरिया** का सबसे परिचय करवाया। अतिथियों का गरिमामयी स्वागत स्थानीय समाजबन्धुओं ने किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल ने उपस्थितों को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के विषय में जानकारी दी और कहा कि हम संगठित होकर ही आगे बढ़ सकते हैं। स्थानीय परिस्थितियों के सन्दर्भ में, सदस्यों की शंकाओं का उन्होंने संतोषप्रद समाधान भी किया। अंत में सभी उपस्थितों ने एक स्वर में सम्मेलन की सदस्यता ग्रहण कर, सामाजिक कार्यों

से जुड़ने की सहमति प्रदान की।

बैठक में सर्वश्री रामकिशोर पारीक, रूपाराम देवासी, गणपत सिंह राजपुरोहित, भंवर लाल कुमावत, सूर्यप्रकाश शर्मा, रविकुमार गोयल, सुरेश अग्रवाल, अनिलकुमार गौड़, सुदर्शन मिश्रा, रामगोपाल छीपा, नरेन्द्र राठौर, जयसिंह राजपुरोहित, शैलेन्द्र मिश्रा, रूपसिंह राजपुरोहित, नेमीचंद गहलौत, श्याम गहलौत, नवीन कुमार जैन, मनोज कुमार झवर, सुरेश कटारिया, राजेन्द्र गौड़, पवन छीपा, सम्पतराज सोनी, रामसिंह पुरोहित आदि उपस्थित थे।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का स्वतंत्रता दिवस समारोह

अवसर वीर पूर्वजों के नमन, उनको कृतज्ञता-ज्ञापन का : संतोष सराफ

"आज का दिन अपने उन वीर पूर्वजों का स्मरण तथा नमन करने एवं अपनी विनम्र कृतज्ञता ज्ञापित करने का है जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना तन-मन-धन अर्पित किया। स्वतंत्रता-संग्राम में मारवाड़ी समाज की अत्यंत गरिमामयी भूमिका थी, जो हमारे लिए सदैव गर्व का विषय रहेगा।" ये उद्‌गार अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने राष्ट्र के ७३वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित बैठक में व्यक्त किए। स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद, पिछले बहत्तर वर्षों में हमने कहाँ प्रगति की है और किन क्षेत्रों में पिछड़ रहे हैं, इसका आकलन करने, इस पर विचार करने का यह अवसर है।

श्री सराफ ने कहा कि समाज और राष्ट्र के हित में सरकार के कार्यक्रमों में भी हमें सहयोग करना चाहिए। स्वच्छता एवं जल-संरक्षण जैसे विषयों पर आमजन की सक्रिय-सचेत भागीदारी से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों एवं राजनैतिक मुद्दों पर सचेत रहना भी हमारा कर्त्तव्य है। सामाजिक विषयों पर चर्चा करते हुए श्री सराफ ने कहा कि यह सर्वमान्य है कि मारवाड़ियों की सबसे बड़ी विरासत हमारी साख है। अपने जुबान पर खरा उतरने की, अपनी प्रतिबद्धताओं का पालन करने की हमारे समाज की परम्परा रही है। लेकिन आज अनेकों दृष्टांत इसके उलट आ रहे हैं, लोग लाखों-करोड़ों लेकर अपनी देनदारी से मुकर रहे है। ये अपनी प्रतिष्ठा तो खोते ही हैं, साथ ही पूरे समाज की बदनामी का कारण भी बनते हैं। यह एक गम्भीर चिंतन का विषय है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अन्तर्गत सर्वप्रथम सम्मेलन के प्रशासनिक कार्यालय (डकबैक हाउस, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता) के समक्ष उपस्थित पदाधिकारियों-सदस्यों के साथ मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने राष्ट्रीय ध्वजोत्तोलन किया, राष्ट्रगान एवं 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' का गायन हुआ। तत्पश्चात् सम्मेलन कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक का सम्बोधित करते हुए सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री सीताराम शर्मा** ने कहा कि हमें देश की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए सदैव सजग रहना चाहिए तथा हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक हजार साल की गुलामी के बाद राष्ट्र को स्वतंत्रता मिली। हर्ष है कि हमने गत ७२ सालों में उल्लेखनीय प्रगति की है। श्री शर्मा ने स्वतंत्रता-संग्राम में मारवाड़ी समाज की महती भूमिका की चर्चा करते हुए स्व. इंदुमति गोयनका का उल्लेख किया जो आजादी की लड़ाई में जेल जाने वाली पहली महिला थी।

श्री शर्मा ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता-पालन, प्लास्टिक तैलों का प्रयोग, जल-संचय जैसी साधारण बातों को भी राष्ट्रीय पर्व बना देते हैं।** समाजहित के ये विषय हमारे नागरिक चरित्र के द्योतक हैं। हम सभी को, एवं सम्मेलन को भी, इससे जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रनिर्माण, विशेषकर आर्थिक क्षेत्र, में आज भी मारवाड़ी समाज की भूमिका है। देश की जी.डी.पी. दो ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर तीन ट्रिलियन डॉलर हुई है, पाँच की भी होगी लेकिन गरीबी अभी समाप्त नहीं हुई है। देश की प्रगति का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह सुनिश्चित करना होगा।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री नंदलाल रुँगटा** ने सभी उपस्थितों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि समय के साथ समाज में बदलाव आया है। अवसर बढ़े हैं और बच्चे जिस दिशा में जायें, उसमें उन्हें प्रोत्साहन देना चाहिए। उन्होंने कहा कि **यह एक सच्चाई है कि अब अन्तर्राष्ट्रीय परिवेश में काम करना है, फिर भी, अपने मूल संस्कारों के प्रति सजग रहना चाहिए।** श्री रुँगटा ने अपनी मातृभाषा के महत्व पर बल दिया और कहा कि इसीके माध्यम से अपनी सभ्यता-संस्कृति को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमे समाज-निर्माण के साथ-साथ राष्ट्रनिर्माण में भी भाग लेना चाहिए और जहाँ आवश्यक हो, गलत चीजों का विरोध करना चाहिए।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री विवेक गुप्त** ने कहा कि नयी पीढ़ी को संस्कार और भाषा के साथ-साथ पारम्परिक धार्मिक आयोजनों में भी शामिल करना चाहिए और वे यदि उत्सुकता दिखायें, तो उन्हें इन विषयों से अवगत कराना चाहिए।

राष्ट्रीय महामंत्री **श्री श्रीगोपाल झुनझुनवाला** ने कहा कि राष्ट्र प्रगति-पथ पर अग्रसर है। वर्तमान सरकार की पहल पर संसद द्वारा संविधान की धारा ३५ए एवं ३७० में संसोधन से राष्ट्र की अखंडता में एक नया अध्याय जुड़ा है। हमारा समाज उद्योग-व्यापार से जुड़ा है, **हम राष्ट्र को एक परम वैभवशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित करेंगे।**

राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री संजय हरलालका** ने संस्कारों की आवश्यकता एवं स्वयं द्वारा उसके पालन को महत्वपूर्ण बताया – **हम जो करेंगे, हमारे बच्चे भी उसी का अनुकरण करेंगे।** राष्ट्र की वर्तमान परिस्थितियों के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि देश बदल रहा है, अर्थव्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के प्रयास हो रहे हैं, ऐसे में अपनी सोच को बदलना पड़ेगा। श्री हरलालका ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह फैलाने का प्रयास किया जा रहा है कि देश में आर्थिक मंदी की स्थिति है, यह यथार्थ से परे हैं।

राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल** ने कहा कि वर्तमान सरकार ने हाल में कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं जिससे पूरे देश में खुशी का माहौल है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार स्वतंत्रता-संग्राम में पूरे राष्ट्र ने एकजुट होकर लड़ाई लड़ी, उसी प्रकार, वर्तमान परिस्थितियों का ध्यान में रखकर हम सभी को राष्ट्र के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं 'समाज विकास' के सम्पादक **श्री शिव कुमार लोहिया** ने कहा कि इस पावन दिन को यह भी विचारणीय है कि स्वतंत्रता के भी तंत्र होते हैं। अपनी कुंठाओं, कुरीतियों से आजाद होना भी महत्वपूर्ण है। व्यक्तिगत कमियों पर स्वयं ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा

कि बच्चों और युवाओं की स्थिति के लिए हम भी जिम्मेदार हैं – **हम जो बोयेंगे, वही हमारी अगली पीढ़ी काटेगी।** श्री लोहिया ने कहा कि हमें सदैव अपने राष्ट्रीय कर्त्तव्यों का भान होना चाहिए। इस विषय पर उन्होंने **शहीद कैप्टन तुषार महाजन** के बहुचर्चित ह्वाट्सअप स्टेअस को उद्धृत किया:

सो जाएगी कल लिपट कर तिरंगे के साथ अलमारी में,
ये देशभक्ति है साहब, तारीखों पर जागती है!!

सम्मेलन की विधिक एवं राजनैतिक चेतना उपसमितियों के चेयरमैन **श्री नंदलाल सिंघानिया** ने कहा कि आज का स्वतंत्रता दिवस अलग है। 'दो विधान, दो निशान, दो प्रधान' हटने के बाद यह पहला स्वतंत्रता दिवस है, पूरे राष्ट्र को इस विषय पर गर्व है, स्व. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ है। पाँच वर्ष के अन्दर विदेशों में भारत की पहचान बदल गई है। **भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी** की सुप्रसिद्ध कविता '**आजादी अभी अधूरी है**' की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा -प्रणाली में सुधार की जरूरत है। भारतीय शिक्षा, संस्कार और चरित्र-निर्माण आदि भी शिक्षा के अंग होने चाहिए।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री रामअवतार पोद्दार**, पश्चिम बंग सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री नंद किशोर अग्रवाल** एवं पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री **श्री भानीराम सुरेका** ने भी उपस्थितों को बधाई दी और अपने संक्षिप्त विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी** ने धन्यवाद-ज्ञापन किया। बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला**, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री **श्री दामोदर बिदावतका**, सर्वश्री **श्यामलाल डोकानिया, आत्माराम सोन्थलिया, बिमल केजरीवाल, माधव सुरेका, काशी प्रसाद धेलिया, राजकुमार अग्रवाल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, विनय कुमार सराफ, किशन कुमार सोनी, शरत झुनझुनवाला, पवन जालान, रमेश कुमार बुबना, सुभाष चन्द्र बंका, चेतन मुरारका, संजीव कुमार धनचालिया, बृजलाल अग्रवाल, आकाश गुप्ता, सीताराम अग्रवाल, इन्द्रचन्द्र महरिवाल** आदि उपस्थित थे।

बैठक में पदाधिकारी-सदस्यगण

दुर्गापुर में स्वाधीनता दिवस का पालन

मारवाड़ी सम्मेलन, दुर्गापुर शाखा ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण भवन के प्रांगण में झंडोत्तोलन एवं अन्य कार्यक्रम सम्पन्न किया। इस अवसर पर दो समाजसेवियों श्री शंभुनाथ जाजोदिया एवं श्रीमती संतोष सिंगी का सम्मान किया गया।

श्री जाजोदिया पिछले ३० वर्षो से वधिर, गूँगे एवं शारीरिक रूप से अपंग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके अभिभावकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं। अभी तक इस कार्यक्रम के तहत ५५० बच्चों को लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि ३ वर्ष की उम्र तक के गूँगों एवं बहरे बच्चों का शत-प्रतिशत इलाज संभव है।

श्री शंभुनाथजी जाजोदिया की धर्मपत्नी श्रीमती मौमिता जाजोदिया, जो कि दुर्गापुर वीमन कालेज की प्रिन्सिपल रह चुकी है, का भी सम्मान किया गया।

श्रीमती संतोष सिंगी अपने अंचल के गरीब असहाय बच्चों को स्टडी मैटेरियल देकर उनके पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त करती है।

बेरमो शाखा द्वारा छात्र-छात्राओं का सम्मान

मारवाड़ी सम्मेलन, बेरमो शाखा ने बेरमो कोयलांचल के विभिन्न विद्यालयों के १०वीं एवं १२वीं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बेरमो बीडीओ श्री अखिलेश कुमार ने कहा कि विपरीत परिस्थिति में घबड़ाना नहीं चाहिए। सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने अपनी जीवन से जुड़ी परिस्थितियों को साझा किया।

समारोह में मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो शाखा के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, सचिव राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दिलीप गोयल, जैन समाज के राजू दोसी अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल, अग्रसेन भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कुमार अग्रवाल, उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री महेन्द्र खेमका ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेम गोयल, अशोक राठी, श्यामलाल गोयल, कैलाश अग्रवाल, नेमीचंद गोयल, कृष्णा राइका, आनंद अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, कमल अग्रवाल, रामअवतार कारीवाल, सुरेश बंशल, अजय गोयल, चिरंजीव अग्रवाल, अभिजीत अग्रवाल, भवानी अग्रवाल, छितरमल गोयल, मुकेश खेमका, रमन गर्ग, राहुल अग्रवाल, शंकर अग्रवाल आदि ने योगदान दिया।

सीताराम शर्मा की बेलारूस एवं रूस यात्रा

भारत चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, कोलकाता में बेलारूस गणराज्य के मानद कन्सुल एवं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के भूतपूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा ने अगस्त २०१९ के प्रथम सप्ताह में बेलारूस एवं रूस की यात्रा की। बेलारूस यात्रा हेतु बेलारूस गणराज्य के उपराष्ट्रपति डॉ. मिखाईल मिसेनिकोविच, जो बेलारूस संसद के अपर हाउस के चेयरमैन भी हैं, ने श्री शर्मा को निमंत्रित किया था। साथ ही, कोलकाता हेतु ट्राली बसों की सप्लाई एवं ट्रामों के आधुनिकीकरण हेतु सम्बंधित बेलारूस की कम्पनी के प्रस्ताव पर विचार, बेलारूस की विदेश, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, वाणिज्य आदि मंत्रालयों के अधिकारियों से विभिन्न द्विपक्षीय विषयों पर विमर्श, बेलारूस की चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इण्ड्रस्ट्रीज की बैठक को सम्बोधन, मास्को चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इण्डस्ट्रीज के अध्यक्ष मि. ब्लादीमिर मिखेलोविच प्लेटनोव के निमंत्रण पर चैम्बर के अधिवेशन को सम्बोधन एवं भारत चैम्बर ऑफ कॉमर्स तथा मास्को चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इण्डस्ट्रीज के बीच एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर, बेलारूस में भारत की राजदूत श्रीमती संगीता बहादुर से मुलाकात, बेलारूस और रूस की संयुक्त राष्ट्र संघ संस्थाओं को सम्बोधन सहित विभिन्न अन्य कार्यक्रमों हेतु नियोजित यह यात्रा बहूद्देशीय थी।

मिन्स्क पहुँचने पर भारत में बेलारूस के राजदूत मि. अन्द्रेई रेजेउस्की ने सपत्नीक आकर श्री शर्मा की अगवानी की। बेलारूस संसद के अपर हाउस पहुँचने पर इसके चेयरमैन एवं बेलारूस गणराज्य के उपराष्ट्रपति डॉ. मिखाईल मिसेनिकोविच ने उनका स्वागत किया। इनके साथ श्री शर्मा ने विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। इस बैठक में बेलारूस के विदेश, उद्योग एवं स्वास्थ्य मंत्रालयों के मंत्री भी उपस्थित थे।

मिन्स्क में श्री शर्मा ने बेलारूस में भारत की राजदूत श्रीमती संगीता बहादुर से भारतीय परिप्रेक्ष्य से राजनयिक महत्व के विषयों पर विचार-विमर्श किया और बेलारूस की चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज की एक बैठक को सम्बोधित किया। उन्होंने वहाँ विदेश मंत्रालय में डिप्टी मिनिस्टर मि. ओलेग क्रावचेंको, एशिया, अफ्रीका एवं लैटिन अमेरिकन क्षेत्र के डायरेक्टर जनरल मि. विक्टर राइबैक, एशिया, ऑस्ट्रेलिया एवं ओसिनिआ डिपार्टमेंट के प्रमुख मि. सेर्जेइ टेरेंटिव तथा कंसुलेट डायरेक्टर - जनरल के निर्देशक मि. अलेक्जेंडर खैनोस्की के साथ भी बैठकें की एवं द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

बेलारूस संसद पहुँचने पर अपर हाउस चेयरमैन एवं बेलारूस गणराज्य के उपराष्ट्रपति डॉ. मिखाईल मिसेनिकोविच द्वारा श्री शर्मा का स्वागत।

बेलारूस में भारत की राजदूत श्रीमती संगीता बहादुर से मुलाकात।

मिन्स्क में बेलारूस की चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इण्ड्रस्ट्रीज की बैठक को सम्बोधित करते हुए।

मुम्बई, ढाका, कोलम्बो एवं काठमांडू में बेलारूस के मानद कन्सुलों के साथ मिन्स्क में; साथ में पुत्र अमित शर्मा (सबसे दाहिने) भी परिलक्षित हैं।

diva®
from LA OPALA®

CLASSIQUE COLLECTION | IVORY collection | QUADRA COLLECTION | SOVRANA COLLECTION | COSMO collection

Registered Office
Chitrakoot, 10th Floor, 230 A, A J C Bose Road, Kolkata-700020
Ph: 76040 88814/15/16/17 | Email: info@laopala.in | www.laopala.in

समाचार सार

कविता-संग्रह 'मन के द्वार' का विमोचन

माननीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है कविता: केशरीनाथ त्रिपाठी

गत १४ जुलाई २०१९ को कोलकाता के सत्यजीत राय ऑडिटोरियम में पश्चिम बंगाल के **महामहिम राज्यपाल श्री केशरीनाथ त्रिपाठी** के कर-कमलों से **श्री शिवकुमार लोहिया** के कविताओं के संकलन '**मन के द्वार**' का विमोचन सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने श्री लोहिया को उनकी उत्कृष्ट रचनाओं के लिये बधाई दी। **उन्होंने कहा कि जब मानवीय संवेदनाएँ शब्द पा जाती हैं तो कविता का सृजन होता है।** उन्होंने कहा कि 'मन के द्वार' की रचनाएँ पाठक को सकारात्मकता की ओर जाने को प्रेरित करती है। यह स्वस्थ समाज के निर्माण के उपादानों को समाये हैं।

श्री नंदलाल रुँगटा ने कहा कि यह हर्ष का विषय है स्वयं महामहिम राज्यपाल जो स्वयं एक मूर्धन्य साहित्यकार हैं ने इस पुस्तक को अपने आशीर्वचन से सुशोभित किया है एवं इसका विमोचन भी उनके हाथों से होगा।

श्री सीताराम शर्मा ने कहा कि पुस्तक में समाज को संदेश है कि मन को खोल कर रखें। आज मनुष्य मन के संकुचन के कारण अनेक समस्याओं से ग्रसित है। इसके कारण समाज में विकृति पनप रही है।

श्री शिवकुमार लोहिया ने कहा कि कविता नफरत के बाजार में मोहब्बत बेचती है। उन्होंने अपनी रचनाओं का भी पाठ किया जिसको श्रोताओं ने सराहा।

सभा में शिक्षाविद **श्री हरीकृष्ण चौधरी** ने भी अपना वक्तव्य रखा। प्रख्यात साहित्यकार, आलोचक **डॉ. शंभुनाथ** ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। **श्री विकास लोहिया** ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

आन्ध्र सम्मेलन का स्वतंत्रता-दिवस समारोह

आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन ने एक अनूठे तरीके से स्वतंत्रता-दिवस का पालन किया। विशाखापट्टनम् के डाबा गार्डन्स स्थित आर.बी.एम. अप पाठशाला में बच्चों के साथ साथ आन्ध्र सम्मेलन के अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया, राष्ट्रगान हुआ और बच्चों के लिए प्रतियोगिताएँ आयोजित कर विजयी प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर लॉयन्स क्लब नॉर्थ ईस्ट के अध्यक्ष लॉयन के. कृष्णमूर्ति, एनरिच ट्रस्ट के अध्यक्ष तिलक पट नायक, पाठशाला के प्रधानाध्यापक एच. प्रभाकर राव, सर्वश्री संजय अग्रवाल, नरेन्द्र भंसाली, प्रदीप कुमार बियानी, सम्मेलन एवं लॉयन्स क्लब के सदस्यगण, पाठशाला के शिक्षकों सहति गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

गत १९ अगस्त २०१९ को आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में, श्री नरेन्द्र कुमार भंसाली के सहयोग से, डाबा गार्डेन्स, विशाखापटट्नम् स्थित आर.बी.एम. अप बाल्यम पाठशाला के विद्यार्थी शिशुओं के बीच पम्प सहित वाट र केन, स्टील के प्लेट-ग्लास, यूनिफार्म आदि वितरित किए गए। चित्र में आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल, श्री नरेन्द्र कुमार भंसाली एवं बाल्यम सुपरवाईजर श्रीमती एम. डी. रुक्यावाना आदि परिलक्षित हैं।

With Best compliments From

Anzen Exports
&
Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

DEALER IMPORTER EXPORTER INDENTING AGENT FOR ALL KINDS OF ACTIVE PHARMACEUTICAL INGREDIENTS, PHYTOCHEMICALS, HERBAL EXTRACTS & ESSENTIAL OILS

KOLKATA

Anzen Exports

Regd. Office : 55/3D, Ballygunge Circular Road
Ground Floor, Kolkata-700 019, India

Admn. & Corres. Office :
157, Sarat Bose Road, 2nd Floor
Kolkata-700 026, India
20C, Hazra Road, 1st Floor, Kolkata-700 026, India
Tel : 91-33-2454 9650/51, 91-33-2454 8159
E-mail: info@anzen.co.in Web: www.anzen.co.in

MUMBAI

Shubham Pharmachem Pvt. Ltd.

205-206, Laxmi Plaza, Laxmi Industrial Estate
New Link Road, Andheri (W)
Mumbai - 400 053, India
P : +91 (22) 2635 4800 / 2635 4900
F: +91 (22) 6692 3929 / 2631 8808
Email: shubham@shubham.co.in

गिरिडीह के केडिया बंधु

गिरिडीह के केडिया बंधु के नाम से सुप्रसिद्ध **पं. मोर मुकुटकेडिया** (सितार) एवं **पं. मनोज केडिया** (सरोद) वर्तमान में भारत की सितार-सरोद की सबसे सफल जोड़ी माने जाते हैं। पद्मविभूषण उस्ताद अली अकबर खां, पद्मभूषण गुरु पं. अन्नपूर्णा देवी, पिता पं. शंभुदयाल केडिया, पं. सुनील मुखर्जी केडिया बंधु के गुरु रहे हैं। केडिया बंधु ने तबला सम्राट पं. किसन महाराज, पं. गुदई महाराज, उस्ताद जाकिर हुसैन आदि के साथ सफल कार्यक्रम दिया है। भारत रत्न पं. रविशंकर एवं पद्मभूषण उस्ताद अली अकबर खां की सितार-सरोद की जुगलबंदी के बाद संगीत समीक्षक एवं प्रेस विश्लेषक वर्त्तमान में केडिया बंधु को सबसे सफल जोड़ी मानते हैं।

इन्होंने भारत के अलावा अमेरिका, जर्मनी, चीन, मध्य अमेरिका आदि देशों के प्रतिष्ठित मंचों पर अपने सफल कार्यक्रम दिये हैं। मई २०१९ में आई.सी.सी.आर. (भारत सरकार) ने उन्हें गुवेतमाल एवं एल सर्वाडोर में भारतीय प्रतिनिधि के बतौर कार्यक्रम प्रस्तुत करने भेजा था। सन् १९९२ में पं. मनोज केडिया को संगीत प्रवीण में पूरे देश में First Class First Faculty Top तीन स्वर्णपदक मिला एवं सन् १९९६ में राष्ट्रीय युवा महोत्सव में पं. मोरमुकुट केडिया को सितार में पूरे देश में प्रथम स्थान स्वर्णपदक सम्मान मिला था।

केडिया बंधु की खास विशेषता है कि संगीत कम समझने वालों को भी वे अपने वादन शैली से आकर्षित करते हैं। उनके कार्यक्रमों में अक्सर श्रोता एवं संगीत के रसिकगण भाव विभोर होकर सुनते रहते है। 'क्या बात है', 'वाह', 'वंस मोर' से श्रोतागण उनके प्रस्तुति का स्वागत करते है। उनकी प्रस्तुति की सराहनीय समीक्षा समाचार पत्रों में प्रकाशित होती रहती है। केडिया बंधु के संचालन में संगीत साधन केन्द्र के नाम से भारत की महान विरासत शास्त्रीय संगीत के प्रचार प्रसार के लिये कार्यरत है। सन् १९९८ में पं. शंभुदयाल

केडिया ने इस केन्द्र की स्थापना की थी। इस केन्द्र ने समय-समय पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के संगीत समारोह आयोजित किये हैं। युवा कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाता है। इस केन्द्र ने कई अंतराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को तैयार किया है। इनमें से केडिया बंधु के अलावा, सुनील कुमार (मीठु मैया) टी सीरीज गायक पंकज, विशाल आदि शामिल हैं।

केडिया बंधु ४५ वर्षों से संगीत साधना में रत हैं। देश-विदेश में इन्हें अनेक सम्मानों से नवाजा गया है, जिनमें संगीत मार्तण्ड, भारत सेवा रत्न, गंधर्व सम्मान, कलाश्री, सरस्वती सम्मान, रोटरी सम्मान, नेशनल एवार्ड आदि प्रमुख हैं। हाल ही में १० अगस्त २०१९ को प्रभात खबर द्वारा केडिया बंधु को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री वैंकेया नायडू के हाथों झारखंड गौरव का सम्मान दिया गया। झारखंड के मुख्यमंत्री एवं महामहिम राज्यपाल भी इस अवसर पर मंचासीन थे।

To your taste buds, with love...

Refreshingly, yours.

Indulgently, yours.

Addictively, yours.

Spicily, yours.

Healthily, yours.

Nourishingly, yours.

Delightfully, yours.

Obsessively, yours.

Temptingly, yours.

Passionately, yours.

Snackingly, yours.

Yours Tastefully
Anmol™

celebrating 25 years

BISCUITS

www.anmolindustries.com | Follow us on:

सामाजिक संगठन है समाज के सर्वांगीण विकास के मूल में : संतोष सराफ

आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का हुआ पुनर्गठन

"राजस्थान, हरियाणा एवं मालवा के भू-भागों से निकल मारवाड़ी समाज पूरे देश एवं विदेशों में भी फैला हुआ है। अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन, १९३५ में अपने स्थापना-काल से ही, विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से प्रवासी मारवाड़ियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव प्रयास करता रहा है। सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक सुधार, राजनैतिक चेतना, भाषा-संस्कार-संस्कृति संरक्षण, समरसता, शिक्षा हेतु संसाधनहीन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को अनुदान, युवक-युवतियों को रोजगार पाने में सहायता, आदि, क्षेत्रों में सम्मेलन कार्य कर रहा है और पर्दाप्रथा, बाल-विवाह, दहेज, कन्या-शिक्षा जैसे विषयों पर युगांतरकारी उपलब्धियाँ भी हासिल की हैं। लेकिन हमारे कार्यक्रमों की सफलता हमारे संगठित होने की प्रवृति एवं शक्ति से सीधे-सीधे जुड़ी हुई है। हम सभी साथ आकर, समाज के सभी तबकों – महिलाओं, युवक-युवतियों, किशोर-किशोरियों, धनी-गरीब, को एकजुट कर ही अपनी सामाजिक समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।" ये उद्‌गार सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ** ने गत २७-२८ जुलाई २०१९ को विशाखापट्टनम् में आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पुनर्गठन के लिए आयोजित समारोहों में व्यक्त किए।

ज्ञातव्य है कि आन्ध्र प्रदेश प्रान्त के विभाजन एवं तेलंगाना प्रान्त के गठन के आलोक में, तेलंगाना में सम्मेलन की प्रादेशिक शाखा 'तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन' का गठन अगस्त २०१८ में किया गया। नयी प्रादेशिक शाखा के गठन से, पूर्ववर्ती आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के अधिसंख्य पदाधिकारी-सदस्यगण तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन से सम्बद्ध हो गये और तब से आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन केन्द्रीय सम्मेलन के अन्तर्गत कार्य कर रहा था।

गत कुछ महीनों में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ के मार्गदर्शन में आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया** एवं सम्मेलन की सदस्यता-विस्तार उपसमिति के संयोजक एवं दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार

चांदमल अग्रवाल निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित; शपथग्रहण किया

के प्रभारी **श्री बसंत मित्तल** ने आन्ध्र प्रदेश में प्रादेशिक शाखा के पुनर्गठन हेतु वहाँ के सक्रिय समाजबन्धुओं को साथ लेकर स्थानीय सदस्यों से सम्पर्क की मुहिम चलाई और नये सदस्य बनाये। सम्मेलन के संविधान के अनुसार, श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया के संयोजकतत्व में एक तदर्थ समिति की स्थापना की गई और पुनगर्ठन से सम्बंधित आवश्यक प्रक्रिया पूरी की गई।

आन्ध्र सम्मेलन के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव

२७ जुलाई २०१९ को शैलेश्वरा सेन मार्ग, विशाखापट्नम् स्थित राजस्थानी सांस्कृतिक मंडल भवन में आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए प्रांत के सभी सदस्यों की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री संतोष सराफ**, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं आन्ध्र प्रदेश के प्रभारी **श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया**, राष्ट्रीय संगठन मंत्री **श्री गोपाल अग्रवाल**, दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार के प्रभारी **श्री बसंत मित्तल** और आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के सदस्यगण उपस्थित थे।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने सम्मेलन की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और कार्यक्रमों तथा बैठक के विशेष उद्देश्य के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि उपस्थित समाजबंधु सजग-सतर्क सामाजिक व्यक्ति हैं और वे अपने अध्यक्ष के रूप में उपयुक्त समाजबंधु का चयन करें। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री गाड़ोदिया ने सम्मेलन के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गीता से उद्धृत करते हुए कहा कि 'श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करता है, अन्य लोग भी वैसा ही आचरण करते हैं।'

चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ होने पर स्थानीय वरिष्ठ समाजबंधु **श्री किशनलाल चौधरी** ने आन्ध्र प्रदेश सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए समाजसेवी **श्री चांदमल अग्रवाल** का नाम प्रस्तावित किया। **श्री दिनेश अग्रवाल** ने इसका अनुमोदन किया और **श्री चांदमल अग्रवाल निर्विरोध आन्ध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।**

श्री चांदमल अग्रवाल को बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि चांदमल जी एवं

उनकी नयी टीम आन्ध्र प्रदेश में सम्मेलन के संगठन को मजबूती, समाज के सर्वांगीण विकास एवं सम्मेलन के लक्ष्यों की प्राप्ति में महती भूमिका निभायेगी। उन्होंने राजस्थानी पगड़ी पहनाकर श्री चांदमल अग्रवाल को सम्मानित किया। श्री गाड़ोदिया एवं स्थानीय सदस्यों ने भी श्री अग्रवाल को बधाई दी।

बधाई देते हुए दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार के प्रभारी **श्री बसंत मित्तल** ने कहा कि अब आन्ध्र प्रदेश में भी सम्मेलन भली-भांति संगठित हो सकेगा और नये जोश तथा उत्साह के साथ समाज कल्याण के कार्य कर सकेगा।

अपने सर्वसम्मत निर्वाचन पर सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त करते हुए **श्री चांदमल अग्रवाल** ने कहा कि वे आन्ध्र प्रदेश में सम्मेलन के संगठन-विस्तार एवं समाजहित हेतु हर सम्भव प्रयास करेंगे।

पदभारग्रहण समारोह

२८ जुलाई २०१९ को विशाखापट्टनम् स्थित ह्वाईट हाउस होटल में एक भव्य शपथग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। शपथग्रहण समारोह से पूर्व एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ एवं उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया ने सम्मेलन के इतिहास, उद्देश्यों और कार्यक्रमों पर संवाददाताओं से विस्तृत चर्चा की। स्थानीय हिन्दी, तेलगू और अंग्रेजी समाचार-पत्रों और टीवी चैनलों पर सम्मेलन एवं इसके समारोह पर काफी समाचार प्रकाशित-प्रसारित हुए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ ने केन्द्रीय पदाधिकारियों, आन्ध्र सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री चांदमल अग्रवाल एवं स्थानीय वरिष्ठ समाजबंधुओं के साथ मिलकर दीप-प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारम्भ किया। **श्री मुरारीलाल लढानिया** ने मारवाड़ी भाषा में गणेश वंदना एवं स्वागत-गीत प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ, उपाध्यक्ष श्री गोवर्धन गाड़ोदिया, संगठन मंत्री श्री गोपाल अग्रवाल एवं दक्षिण भारत में सम्मेलन के संगठन-विस्तार के प्रभारी श्री बसंत मित्तल ने अपने वक्तव्यों में सम्मेलन-स्थापना की पृष्ठभूमि, सम्मेलन के इतिहास, कार्यक्रमों, गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं का विशद विवरण प्रस्तुत किया। श्री मित्तल ने अत्यंत कुशलतापूर्वक समारोह का संचालन भी किया।

शपथग्रहण

